This question paper contains **2** printed pages]

H—296—2017

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

OCTOBER/NOVEMBER, 2017

HINDI

Paper VIII

(स्त्रीवादी विमर्श एवं साहित्य, भाग-2)

(Saturday, 18-11-2017) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''उसका कोई घर नहीं। वह घर तो उसके पिता का है। घर उसके पति का था और घर है उसके भाई का। शायद हर औरत झूठे व्यामोह रच लेती है। जहाँ भी बैठती है, चौड़े उजाड़ में भी बसने के सपने देखती है .... मरीचिका के पीछे भागती रहती है।'' 10

अथवा

''हम तो ढूँढ-खोज के हारे जा रहे और तुम दोनों बूढ़े कानून काढत-काढत दम नहीं लैरये। फिर खुद ही काहे नहीं खोज लेत। हमारे ऊपर कौ डारौ जे बबाल ?''

(ब) ''क्या विरोधाभास है—अब पढ़ी-लिखी, नौकरी करती लड़कियाँ हाई-फाई लाइफ-स्टाइल लिये, खुद को बेचने से नहीं हिचकिचाती ! मूल्यों का हनन—भयावह है।'' 10

अथवा

''क्या बढ़िया बात कही ! उस मरने वाली के पति से सात फेरे लेकर, मैंने उसका घरबार समेट लिया .... उसके गहने मेरे हो गये, उसका जो कुछ था, मेरा अपना है अब—पर जब औलाद की बात आयी, तो मेरी अपनी कैसे नहीं।''

2. स्त्रीवादी साहित्य लेखन की परंपरा पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

स्त्रीवादी विमर्श : समाज और साहित्य पठित रचना के आधार पर 'पत्रकारिता में महिलाओं का स्थान' विषय पर मत व्यक्त कीजिए।

P.T.O.

607558B4797EC327690B651DB274BB0F

3. 'बेतवा बहती रही' के आधार पर उर्वशी की चारित्रिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 15

अथवा

''एक विवश यातनामय नाटकीय जीवन की अभिव्यक्ति 'बेतवा बहती रही' में हुई है''—चर्चा कीजिए।

4. 'पिंजरे की मैना' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 15

अथवा

''दाम्पत्य जीवन की घुटन भरी पीड़ा का चित्रण 'पिंजरे की मैना' में हुआ है।'' चर्चा कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) मृणाल पांडे का व्यक्तित्व लिखिए।

(*ii*) रमणिका गुप्ता की साहित्यिक विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) मंजुल भगत का जीवन परिचय दीजिए।

(*iv*) स्त्रीवादी लेखन में चित्रा मुद्‌गल का स्थान निर्धारित कीजिए।

6. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'युद्धधरन आम आदमी' की संपादिका कौन है ?

(*ii*) चित्रा मुद्‌गल का जन्म किस प्रदेश में हुआ ?

(*iii*) मृणाल पांडे की माता का नाम क्या है ?

(*iv*) शिवानी का जन्म कब हुआ ?

(*v*) 'कितना छोटा सफर' किस विधा की रचना है ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) मंजुल भगत .... की बहन है।

(*ii*) रमणिका गुप्ता का जन्म .... ई. में हुआ।

(*iii*) 'चौदह फेरे' .... विधा की रचना है।

(*iv*) 'मामला आगे बढ़ेगा अभी' .... की रचना है।

(*v*) 'वामा' की संपादिका .... रही हैं।

607558B4797EC327690B651DB274BB0F